





# शीतलामाता महाआरती के साथ भगवा ध्वज भी लहराया

## जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर हर तरफ पुलिस तैनात की थी

**नवभारत न्यूज**

**गोगावा, निप्र।** बुधवार को गणगौर पर्व की चैत्र शुक्ल नवरात्र सप्तमी पर होने वाली शीतला माता की महाआरती धूमधाम से सम्पन्न हुई। बताया जा रहा है की दो वर्ष पूर्व इस मंदिर का जीर्णोद्धार कर नए स्वरूप में मंदिर को भव्य व आकर्षक बनाया गया था वही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सहयोग से महाआरती का आयोजन किया जाता रहा है।

आज सुबह साढ़े दस बजे व्हिप बजरंग दल कार्यकर्ताओ द्वारा सर्व प्रथम बायपास मार्ग से ढोल बाजे जय श्री राम के उदघोष के साथ अथितियो को जुलूस के रूप मे मुख्य चौराहे पर लगे पांडाल के मंच पर लाए जहा अथिति श्री नर्मदेहर बाबा, प्रमुख वक्ता मंगलेश सोनी ,विहिप जिलामंत्री विवेक तोमर ,विहिप विभाग मंत्री मनोज वर्मा, विहिप जिला अध्यक्ष नितिन मालवीय, ,जिला उपाध्यक्ष मुकेश यादव अमित अवस्थी,प्रखंड अध्यक्ष राजू झडाने, प्रखंड मंत्री चंद्रपाल सिंह चौहान का व्हिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शाल श्रीफल भेंटकर भगवा वस्त्र से अथितियो का स्वागत किया। उसके बाद धर्मसभा का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमे मुख्य वक्ता प्रांत साप्ताहिक प्रमुख मंगलेश सोनी ने ठीक साढ़े ग्यारह बजे मंच से बौद्धिक की शुरुआत की उन्होंने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम कहा की भारत देश में सनातनियो की पांच सो सालो की संघर्षशील विजय का परिणाम है कि आज रामलला टाट से उठकर ठाट पर आ गए है जिनका आज अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर उसमे विराजे हे वहा जाकर हर हिंदू सनातनियो को दर्शन करना चाहिए। महाआरती के आयोजन को लेकर कहा कि मंदिर में आरती तो सुबह शाम होनी चाहिए,परंतु इस आरती का उद्देश्य यह है कि शीतला माता मंदिर के समीप एक धर्म विशेष के धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण किया गया है उसको लेकर मुख्य वक्ता सोनी ने स्थानीय प्रशासन को कहा कि अगर अवैध तरीके से अतिक्रमण हुआ है तो प्रशासन को उसे जल्द हटाना चाहिए अन्यथा हम सनातनी कानूनी कारवाई से लड़कर इसे हटाएंगे सोनी ने आगे कहा कि मठ मंदिरो की रक्षा गोमाता की रक्षा लव जेहाद से हमारी बहन बेटियों की रक्षा करना ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का दायित्व है। सभा के दौरान मातृ शक्ति की प्रांतीय सह संयोजिका सरिता दीदी बापना,जिला सयोजिका दीपिका दीदी मंडलोई ,दिलीप कदम,राजेंद्र पाटीदार, विनायक कदम,लक्की गुप्ता, मयंक राठौड़, जोगेंद्र ठाकुर रितेश चौहान, राजेश पटेल,राहुल बावने,गुंजन नरिया आदि बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता यहां मौजूद थे। उधर जिला प्रशासन ने भी महाआरती को लेकर पहले से तैयारियां कर रखी थी। नगर में चार जिलों बुरहानपुर खंडवा बड़वानी व खरगोन का पुलिस बल तैनात किया गया था यहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिट्टू सहगल अपर कलेक्टर रेखा राठौड़ खरगोन एसडीएम वीरेंद्र कटारे एसडीओपी भीकनगांव राकेश आर्य भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद थे। पुलिस सुरक्षा इतनी चुस्त थी की मकानों की छतो से लेकर गलीयो में भी बेरीकेंडिग लगाकर पुलिस बल चुस्त मौजूद रहा।




### सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन केमरों से सभी जगह नजर रखी जा रही थी

बौद्धिक ठीक सवा ग्यारह बजे प्रारंभ हुआ जो पोने बारह बजे समाप्त हुआ सभी सनातनी भगवा धारी जुलूस के रूप में मंदिर परिसर पहुचे जहा सवा बारह बजे आरती प्रारंभ कर साढ़े बारह बजे समाप्त हुई इसके बाद सभी श्रद्धालु मंदिर परिसर से बाहर निकलते गये कुछ महिलाएं मंदिर में माता के दर्शन करने पहुचती रही। इस महाआरती कार्यक्रम का संचालन विभाग विद्यार्थी सम्पर्क प्रमुख हेमेंद्र कानूनगो ने किया आभार प्रखंड संयोजक लक्की गुप्ता ने माना। उधर आरती समाप्त होने के बाद भीड़ हटते ही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने भी चेन की सास ली।

# पेट्रोल खत्म होने तथा पंप बंद होने की अफवाह ने पूरे नगर के बाजार को गर्म कर दिया

**महेश्वर, निप्र।** मंगलवार की रात को नगर में पेट्रोल पंप से पेट्रोल खत्म होने तथा पंप बंद होने की अफवाह ने पूरे नगर के बाजार को गर्म कर दिया जिसके चलते देखते ही देखते पेट्रोल पंप पर पेट्रोल उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जुट गई। भीड़ ने पेट्रोल संचालकों की श्वास फुला दी वहीं प्रशासनिक अधिकारियों को भी हलचल में ला दिया। पेट्रोल पंप की अफवाह से प्रशासन हरकत में आया जिसके चलते बुधवार को शाम 5:00 बजे एसडीएम पूर्व मंडलोई ने पेट्रोल पंपो पर जाकर स्वयं वस्तु स्थिति का मुआयना करते हुए पेट्रोल पंप संचालकों से चर्चा की। साथ ही बैठक के दौरान यह भी तय किया गया की पेट्रोल सभी उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुसार व्यवस्थित रूप से प्रदान किया जाए तथा उपलब्ध पेट्रोल हो या नहीं हो उस स्थिति में पंप पर साइन बोर्ड भी लगाया जाए । प्रशासनिक बैठक के दौरान यह भी तय हुआ कि जो लोग पेट्रोल खत्म होने और पंप बंद होने की अफवाह फैला रहे हैं उनके खिलाफ भी सत्य कार्रवाई की जाएगी। विदित हो की मंगलवार की शाम को 4:00 बजे मंडलेश्वर के पंपों पर अज्ञात लोगों ने पेट्रोल खत्म होने और पंप बंद होने की अफवाह का बाजार गर्म किया था वहीं मंगलवार रात लगभग 9:00 बजे महेश्वर के चौक चौराहों पर भी महेश्वर के पंप बंद होने और पेट्रोल खत्म होने की अफवाहों को खूब हवा दी जिसके चलते पेट्रोल पंपों पर सैकड़ो वाहनों की भीड़ एक साथ इकट्ठा हो गई जिससे पेट्रोल संचालकों और वितरकों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा



**क्या कहते हैं जिम्मेदार:-** एसडीएम पूर्व मंडलोई ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के पास पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल है लेकिन कुछ लोग अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्णय बैठक के माध्यम से लिया गया है वही पेट्रोल पंपों पर जाने के पश्चात संचालकों को भी मांग के अनुसार उपभोक्ताओं को पेट्रोल दिए जाने के निर्देश दिए गए।

# स्कूल के छात्रों ने 5 वीं एवं 8 वीं के परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया

**कसरावद, निप्र।** महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के होनहार छात्र ने मध्यप्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड पैटर्न आधारित कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं के परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। आज दोपहर में शासन द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किए गए । कक्षा 8 वीं के होनहार छात्र भावेश पिता नारायण पंवार ने 94.16% अंक प्राप्त कर शाला के प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिशा पिता दिलीप हिंगोले 93.84% तथा तृतीय स्थान पर समीक्षा मांगीलाल गांगले 93.64% रही । तुलसी गोयल 93.50%,, दिव्या जायसवाल 93 %, गीतांश विजय कुशवाह, 92.34, अभय डॉ सुभाष हार्डिया 92 % आदि छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए । कक्षा 5 वीं की होनहार छात्रा कु प्रियांशी पवन जायसवाल ने 87% अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही द्वितीय स्थान पर माही रघुवीर दसौंधी ने 86.25% रही ।तृतीय स्थान पर नक्श नरेंद्र कुशवाह ने 85.75% अंक प्राप्त किया। संस्था के अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के कक्षा 8 वीं के 60 तथा कक्षा 5 वीं के 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया । संस्था का बोर्ड परीक्षाओ में शत प्रतिशत परिणाम रहा । संस्था के संचालक निलेश व्यास, ब्रजेशकुमार व्यास एवं शिक्षक रवींद्र गुर्जर , पायल कुशवाह , अंजली पटेल, पूर्णिमा मेम, हंसा, मीना भाटी, हेमंत गंगाले, रंजीत मंडलोई आदि शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी । अकादमिक डायरेक्टर राजेश व्यास ने संस्था के बोर्ड परीक्षाओं में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम के लिए योग्य विद्यार्थियों तथा मेहनती शिक्षक गणों को बधाई दी ।




### अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**खरगोन, निप्र।** एसडीएम वीरेंद्र कुमार कटारे की अध्यक्षता में पेट्रोल पंपों के सुचारू संचालन एवं नियमित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक स्वामी विवेकानंद सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस थाना प्रभारी खरगोन, सहायक आपूर्ति अधिकारी खरगोन, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सेगांव एवं भगवानपुरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पंप संचालकों द्वारा अवगत कराया गया कि देर रात्रि में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ने से फुल टैंक कराने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। इस पर एसडीएम श्री कटारे द्वारा निर्देश दिए गए कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोपहिया वाहनों को 2द3 लीटर पेट्रोल, चारपहिया निजी वाहनों को अधिकतम 1000 रुपये तक पेट्रोल तथा 2000 रुपये तक डीजल ही प्रदान किया जाए, जिससे सभी नागरिकों को समान रूप से ईंधन उपलब्ध हो सके। पंप संचालकों ने पेट्रोल-डीजल की अनियमित आपूर्ति की समस्या भी रखी, जिस पर संबंधित कंपनियों के सेल्स ऑफिसर्स से संपर्क कर मांग अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि किसी कारणवश पंप बंद होने की स्थिति में स्पष्ट सूचना पंप परिसर में प्रदर्शित की जाए। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल पंपों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने की स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दी जाए। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति अथवा समूह पर धारा 163 के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसडीएम श्री कटारे द्वारा निर्देशित किया गया कि अनुभाग के समस्त पंप संचालकों/ प्रबंधकों, थाना प्रभारियों, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों तथा तहसीलदारों का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में त्वरित समन्वय एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस ग्रुप में पंप संचालक प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल स्टॉक एवं खपत की जानकारी साझा करेंगे। बैठक में पंप परिसरों में हितग्राहियों की सुविधा के लिए संबंधित सेल्स ऑफिसर, टोल फ्री नंबर एवं क्षेत्रीय पुलिस थाने के संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी पंपों को पूर्व निर्धारित समयानुसार संचालन करने तथा बोतल, केन अथवा ड्रमों में पेट्रोल-डीजल का प्रदाय न करने के निर्देश स्पष्ट रूप से दिए गए। बैठक में व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पंप पर होमगार्ड /पटवारी/अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, डायल 112, मोबाइल वैन एवं बाइक पेट्रोलिंग द्वारा नियमित भ्रमण कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक पंप पर रिजर्व स्टॉक के रूप में 2000 लीटर पेट्रोल एवं 3000 लीटर डीजल अनिवार्य रूप से रखने तथा उसका वितरण केवल एसडीएम, तहसीलदार अथवा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के निर्देश पर ही करने के आदेश दिए गए।



# जल,गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्ष पूजन एवं संगोष्ठी का आयोजन

**भीकनगाव, निप्र।** म,प्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विजय कुमार शर्मा एवं बी,सी, कालुसिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था कबीर लोक कल्याण समिति भीकनगाव द्वारा अजंनगाव सेक्टर के ग्राम ऊमरिया एवं पाडलिया बाबाजी में दिनांक 25/3/26 को प्रस्फुटन समितियों एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से संस्था अध्यक्ष डा प्रतिभा मंसारे एवं रमेश चक्रवर्ती द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्ष पूजन एवं संगोष्ठी कर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया ।संगोष्ठी में के,बी मंसारे ने विचार रखते हुए बताया कि गांव का सम्पूर्ण विकास आप सबकी जन भागीदारी से किया जाना चाहिए। और आप सब इसमे सहभागी होगे तभी यह संभव होगा ।हमारी संस्कृति और परंपराओं का पालन कर प्रकृति पूजक वृक्षों को पूजना हैं वह हमारे भगवान के तुल्य हैं जिनसे शुद्ध वायु, फूल, फल प्राप्त होता है और भूमि का संरक्षण होता है उनको बचाना है और नये पेड़ तैयार करने हैं।इस अवसर पर शिवनी बागदरे, सपना पवार, प्रतिभा बागदरे, ममता पिपलदे, गायत्री प्रधान पाठक, सोनार सिंह डावर, भारवेल, बलीराम वानखेड़े उपस्थित रहे।



## एक नजर में

### गर्मी की शुरुआत के साथ ही नगर में रसीले फलों की आवक शुरू हो गई



**बिस्टान, निप्र।** बाजार में आई रसीले फलों की बहार गर्मी की शुरुआत के साथ ही नगर में रसीले फलों की आवक शुरू हो गई है। नगर में लगभग 15 दिनों से तरबूज, खरबूजा, अंगूर, मोसंबी, संतरे, केले, आने लगे हैं 20 से 30 रुपए दर्जन के भाव से बिकने वाला केला 40 रुपये दर्जन में बिक रहा है। अंगूर 80 से 100 रुपये किलो, तरबूज 15 से 20 रुपये किलो खरबूजा 40 रुपए किलो बिक रहे हैं। भाव आम आदमी की पहुंच में होने से उनकी खरीदी भी खूब हो रही है। बस स्टैंड सड़क किनारे लगे ठेलों पर राहगीर फल खरीदने आ जाते हैं। फल विक्रेता अमित, सुमित, अंकित, के अनुसार फिलहाल मावठे की बारिश होने से तेज गर्मी नहीं हो रही है। इससे बिक्री भी कम हो रही है।

### 100 दिवसीय विशेष टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ हुआ




**कसरावद, निप्र।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. संतोष बड़ोले सर के निर्देशन में 100 दिवसीय विशेष टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ हुआ, जिसके अंतर्गत संस्था पर उपस्थित समस्त स्टॉफ एवम जनमानस को टीबी मुक्त भारत अभियान में सहभागीता के लिए शपथ दिलाई गई, साथ ही टीबी के लक्षण उपचार, निश्चय मित्र, एमपी वाय एवं जन भागीदारी समिति द्वारा 100 days में योगदान की जानकारी साझा की गई, साथ ही उपचाररत मरीजों को फूड बॉस्केट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेबोरेटरी टी. बी. प्रभारी अमर राठौर द्वारा टी. बी. की समस्त जानकारी दी गई इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर. बीपीएम, एलटी, कैलाश बड़ोले शाहरुख कुरैशी सहायक विजय कोगे सादिक खान एवं वीरेंद्र शर्मा एस. टी. एस. चिकित्सालय के डॉ. संजय सुरगे. डॉ. जिग्यासा पाटीदार उपस्थित रहे।

### बागोद में सामाजिक समरसता की ऐतिहासिक पहल



**खरगोन, निप्र।** कस्बे में इस वर्ष का गणगौर माता रथ विसर्जन उत्सव सामाजिक न्याय और भाईचारे की एक नई गाथा लिख गया। समाज में व्याप्त पुरानी कुरीतियों और एक-दूसरे को दबाने की मानसिकता को दरकिनार करते हुए, बागोद के प्रबुद्ध नागरिकों ने हजारों वर्ष पुरानी रूढ़िवादी परंपरा को तोड़कर एक प्रगतिशील मिसाल कायम की है। इस वर्ष गणगौर विसर्जन के क्रम और समय को लेकर दलित, पिछड़ा और सामान्य वर्ग के बीच मतभेद की स्थिति बनी थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बागोद पुलिस चौकी में दोनों पक्षों की एक संयुक्त बैठक बुलाई गई। बैठक में बागोद चौकी प्रभारी श्री हरिशंकर पान्टेल ने अपनी उत्कृष्ट सूझबूझ, निष्पक्षता और कुशलता का परिचय देते हुए दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराया। चौकी प्रभारी की सकारात्मक मध्यस्थता और प्रबुद्ध नागरिकों की दूरदर्शिता के चलते बैठक में जो निर्णय हुआ, उसने पूरे क्षेत्र का दिल जीत लिया। सर्वसमाज ने आपसी सहमति से पुरानी व्यवस्था में बदलाव करते हुए, वंचित वर्ग को विसर्जन का प्रथम अवसर सहर्ष प्रदान किया। सभी समाजों द्वारा लिए गए इस निर्णय ने यह साबित कर दिया कि भाईचारा और समानता किसी भी रूढ़िवादी परंपरा से ऊपर है। इस ऐतिहासिक समझौते और भाईचारे की भावना से प्रेरित होकर चौकी प्रभारी श्री हरिशंकर पान्टेल ने स्वयं पहल करते हुए दोनों समाज के प्रबुद्धजनों और प्रतिनिधियों को माला पहनाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने समाज के इस परिपक्व कदम के प्रति अपना गहरा आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक और सुखद समाधान के अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक साक्षी बने और अपनी महती भूमिका निभाई, सरपंच सेवक राम गुर्जर, पुना जी डोड, गज्जू भाटोलिया, अशोक जैन, कमल शर्मा, प्रवीन जैन, जितेंद्र सोलंकी, संजय गुर्जर, रितेश अग्रवाल, राजेश खरे, संतोष भटोलिया, संतोष चौहान, कैलाश जगदाले, हरि जगदाले, पप्पू जी, अमर सिंह जगदाले इन सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने आपसी समन्वय और प्रेम बनाए रखने का संकल्प लिया। श्री पान्टेल ने बताया प्रशासन और जनता के बीच ऐसा समन्वय ही शांति व्यवस्था की असली नींव है। जब समाज स्वयं आगे बढ़कर पुरानी रूढ़ियों को त्यागता है और सबको गले लगाता है, तो पुलिस का काम आसान हो जाता है। बागोद के सभी समाजजनों ने आज जो परिपक्वता और भाईचारा दिखाया है, वह पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल है। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

### एनटीपीसी खरगोन को सीईई 5वां राष्ट्रीय पावर-जन ऊर्जा दक्षता पुरस्कार 2026 से सम्मानित



**खरगोन, निप्र।** एनटीपीसी खरगोन को सीईई 5वें राष्ट्रीय पावर-जन ऊर्जा दक्षता पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया है, जो सतत एवं दक्ष विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संयंत्र ने उत्कृष्ट ऊर्जा दक्षता इकाई (आईपीपी कोयला, 1000-1500 मेगावाट) श्रेणी में विजेता - सतत प्रदर्शन का विशिष्ट स्थान प्राप्त किया। यह पुरस्कार श्री विपुल वशिष्ठ, वरिष्ठ प्रबंधक (ऑपरेशन) द्वारा एनटीपीसी खरगोन की ओर से प्राप्त किया गया। यह सम्मान संयंत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन, परिचालन उत्कृष्टता तथा ऊर्जा दक्षता एवं सतत प्रथाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान ऊर्जा उपयोग के अनुकूलन, उच्च परिचालन मानकों को बनाए रखने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विद्युत उत्पादन में एनटीपीसी खरगोन की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करता है। यह उपलब्धि एनटीपीसी खरगोन के समस्त कर्मियों के समर्पण, टीमवर्क और उत्कृष्ट प्रयासों को रेखांकित करती है, जो दक्षता, विश्वसनीयता और सतत संचालन सुनिश्चित करने में निरंतर योगदान दे रहे हैं।

## एक नजर में — बडवाह जनपद में हुआ,विधायक व जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को किया लाभान्वित

# ‘संकल्प से समाधान’ अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** शासन की महत्वाकांक्षी ‘संकल्प से समाधान’ अभियान के तहत बुधवार को जनपद पंचायत परिसर में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय शिविरों के माध्यम से हितग्रहियो को शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और विभिन्न सेवाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला थे। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीणों को शासन से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं,और इससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। जनपद बड़वाह में ‘संकल्प से समाधान’ शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। पंचायत व शहर स्तरीय शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 10961 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें से लगभग 10880 समस्याओं का निराकरण करके हितग्रहियो को लाभान्वित किया गया है। वही विभिन्न योजनाओ के तहत करीब दो करोड़ रूपये की राशि हितग्रहियो को वितरित की गई इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। साथ ही संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पूर्व में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण उक्त विकासखंड स्तरीय शिविर में किया गया एवं निराकरण कर हितग्राहियों को अवगत कराया गया। उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की तथा उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। सीईओ मुकेश जैन ने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम का सफ़ल संचालन प्राचार्य डॉ परेश विजयवर्गीय ने किया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र माले, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष खुमान जाट, रोमेश विजयवर्गीय, पार्षद गणेश पटेल,पार्षद रजनी भंडारी, दीपक ठाकुर, मिक्की चौहान, आकाश दांगी, सोहन यादव, पूर्व सरपंच अर्जुन केवट, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मोजूद थे। दो करोड़ की राशि हितग्रहियो को की वितरित इस शिविर के माध्यम से 10880 समस्याओं का समाधान हुआ, अब तक जिनका समाधान नहीं हुआ है उनके लिये 28 मार्च को जिला मुख्यालय पर शिविर आयोजित होगा। शिविर में ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक करोड़ 56 लाख रु. सामाजिक न्याय विभाग से 10 हितग्राही, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 हितग्राही, पशुपालन विभाग से 12 लाख का ऋण, कृषि विभाग से पांच हितग्राहियों को ड्रिप, पांच को मृदा स्वास्थ कार्ड तथा चार को स्पॉयलर ( कृषि यंत्र ) , शिक्षा विभाग से सायकिलों का वितरण , महिला बाल विकास बड़वाह सनावद से लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत दस परिवारों को 14 लाख 20 हजार रु , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत दस हितग्राहियों को राशि के चेक तथा प्रमाण पत्र ,राजस्व विभाग के अंतर्गत सर्पदंश , नदी में डूबने अन्य अनायास व आकस्मिक मृत्यु पर तीन परिजनों को चार -चार लाख के चेक भी वितरित किये गये।